कक्षा–ग्यारहवीं / XI

पीएम श्री प्रायोगिक बहुउद्देश्यीय विद्यालय

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, अजमेर

(डीएमएस विद्यार्थियों के लिए)

पीएम श्री प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय, अजमेर, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (रा.शै.अ.प्र.प.) नई दिल्ली की अंगीभूत इकाई, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर से संबद्ध एक स्वायत्तशासी संगठन है। यह क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान की एक प्रयोगशाला के रूप में विद्यालयी शिक्षा का अभिज्ञान, विश्लेषण तथा अनुसंधान करने के साथ ही प्रविधियों के विकास एवं वास्तविक कक्षागत परिस्थितियों में उनकी परख के दृष्टिकोण से होने वाले प्रयोगों के लिए एक प्रयोगशाला का कार्य करता है।

यह भावी शिक्षकों को उनके आन्तरिक शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान प्रेक्षण, अधिगम तथा शिक्षण में भागीदारी के योग्य बनाता है। यह पाठ्यचर्या विकास के केन्द्र के रूप में भी कार्य करता है।

उपर्युक्त उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु विद्यालय के पास पूर्व–प्राथमिक कक्षा से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का व्यापक कार्यक्रम उपलब्ध है।

विद्यालय संबंधी सामान्य सूचना / जानकारी

1. विद्यालय मे सह–शिक्षा (छात्र–छात्रा दोनों के लिए) है तथा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली से संबद्ध है।
2. उच्च माध्यमिक स्तर पर विद्यालय में विज्ञान, कला, तथा वाणिज्य संकाय में पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।
3. माध्यमिक स्तर पर भी व्यावसायिक पाठ्यक्रम उपलब्ध है।
4. विद्यालय में पुस्तकालय एवं वाचनालय की अच्छी व्यवस्था है।
5. विद्यालय के पास भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, इंजीनियरी ग्रफिक्स, भूगोल, गृह विज्ञान, काष्ठ शिल्प, विद्युत, कृषि, सौंदर्य एव स्वास्थ्य, खुदरा तथा कम्प्यूटर विज्ञान की समृद्ध प्रयोगशालाएं उपलब्ध हैं।
6. पाठ्यचर्या के सभी पहलुओं पर पर्याप्त जोर दिया जाता है जिसमें शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा, कला शिक्षा, समाजोपयोगी उत्पादक कार्य तथा स्वस्थ एवं उत्पादक जीवन शैली शामिल है।
7. विद्यालय में छात्र–छात्राओं हेतु राष्ट्रीय कैडेट कोर की नौसेना शाखा उपलब्ध है। (केवल 8वीं एवं 9वीं के लिये)

कक्षा XI के विभिन्न संकायों में प्रवेश लेने के लिए योग्यता मापदण्ड :–

अ) प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी को कक्षा दसवीं की सीबीएसई या समकक्ष परीक्षा 2026 उत्तीर्ण होना चाहिए।

(i) विज्ञान संकाय

प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के दसवीं बोर्ड परीक्षा 2026 में मुख्य पांच विषयों में कुल मिलाकर 60% अंकों के साथ विज्ञान विषय में 60% अंक होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त यदि गणित विषय का चयन किया जाता है तो गणित मानक (Mathematics Standard) विषय में 60% अंक या बेसिक गणित (Mathematics Basic) मे 65% होना आवश्यक है। **यदि जीव विज्ञान विषय का चयन किया जाता है तो गणित मानक (Mathematics Standard) विषय में 55% अंक या बेसिक गणित (Mathematics Basic) मे 60% होना आवश्यक है।**

(ii) वाणिज्य संकाय

प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के दसवीं बोर्ड परीक्षा 2026 में मुख्य पांच विषयों में कुल मिलाकर 45% अंक होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त यदि गणित विषय का चयन किया जाता है तो गणित मानक (Mathematics Standard) विषय में 60% अंक या बेसिक गणित (Mathematics Basic) मे 65% होना आवश्यक है।

(iii) मानविकी संकाय

प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के दसवीं बोर्ड परीक्षा 2026 में किन्हीं पांच विषयों में कुल मिलाकर 33% अंक होना आवश्यक है।

(iv) योग्यता सूची तैयार करना

सभी श्रेणियों (सामान्य, एनसीईआरटी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांग) के सभी पात्र विद्यार्थियों की अलग–अलग मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

ब) आरक्षण मापदण्ड

आरक्षण निम्नानुसार देय होगा :–

सामान्य	50%
NCERT के नियमित कर्मचारी	24%
अनुसूचित जाति	15%
अनुसूचित जनजाति	7.5%
भूतपूर्व सैनिक	2.5%
CWSN	1%

कक्षा ग्यारहवीं के लिए प्रवेश प्रक्रिया

प्रवेश प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की जाएगी

i. प्रथम चरण पूर्ण हो चुका है एवं द्वितीय चरण में पीएम श्री डीएमएस अजमेर के कक्षा ग्यारह में प्रवेश लेने के इच्छुक योग्य विद्यार्थियों को वरीयता सूची एवं योग्यता मापदण्ड के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

ii. पीएम श्री डीएमएस विद्यालय के योग्य छात्रों को प्रवेश देने के पश्चात् शेष रिक्त सीटों पर तृतीय चरण में अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया दसवीं में प्राप्त अंकों की वरीयता एवं योग्यता मापदण्ड के आधार पर की जाएगी।